3




हमकि महाबीर वल्द माता बदल व राजाराम वल्द राम जियावन व बिन्देश्वरी वल्द महादेव जाति यादव साकिनान चक मुन्डेरा परगना व तहसील चायल जिला इलाहाबाद के हैं जो कि हम लोग बशमूल बच्चा व राम प्रताप व बिन्देश्वरी के भूमिधरी नं० ६८ व ७१ वाके चक मुन्डेरा तहसील चायल जिला इलाहाबाद के हिस्से दारान थे और बजरिये बटवारा खानगी भूमिधरी नं० ७१ वाके चक मुन्डेरा परगना व तहसील चायल जिला इलाहाबाद महावीर पुत्र माताबदल व राजाराम पुत्र रामजियावन के हिस्से में आई और बाद बटवारा महाबीर व राजाराम उपरोक्त भूमि धरी नं० ७१ पर तनहा मालिक व काबिज व दखील है और उनको हर तरह का हक मालिकाना हासिल है महाबीर व राजाराम को लड़की की शादी करने के लिये रुपये की जरुरत है और सिवाय जायदाद बेच कर रुपया इकट्ठा करने के कोई दूसरी शक्ल नजर नहीं आती और श्री चुन्नी लाल जैन आराजी नं० ७१ वाके चक मुन्डेरा तादादी एक बीघा एक हजार रुपये में खरीद करने को तैयार है इससे ज्यादा कीमत और किसी ने नहीं लगाई। यह कीमत काफी व माकूल है और बिन्देसरी मुकिर नं० ३ से आराजी मजकूर से कोई मतलब नही है मगर बगरज इतमिनान खरीदार शामिल शरीक बयनामा होकर उसके कुल शर्तों के पाबन्द होते हैं। अत: हम मुकिरान बिला किसी दबाव के प्रसन्न चित्त अपना कुल हिस्सा आराजी नं० ७१ वाके चक मुन्डेरा तहसील व परगना चायल जिला इलाहाबाद की तादादी एक बीघा की जिसका व्योरा नीचे दिया जाता है को बएवज मुबलिग १०००) एक हजार रुपया कि जिसका निस्फ ५००) पांच सौ रुपया होता है बदस्त श्री चुन्नीलाल जैन वल्द श्री अन्नूलाल जैन साकिन चाहचन्द

क्रमांक ........ ई० को ................ 2 अक्टूबर 2008
निवासी ........ जिला ........ को दस्तावेज/कोर्ट फीस बेचा
ह० प्रमाणित स्टाम्प विक्रेता दीवानी कचहरी ई० न०

3/3n



दखल हटाकर खरीदार का कब्जा व दखल करा दिया अब हम मुकिरान का हक व हिस्
जाइदाद मुबिया में बाकीनही रहा खरीदार पूर्ण रुप से इसका स्वामी हो गया
और कुल जर समन बयनामा मु० १०००)एक हजार रुबरु सब रजिस्ट्रार साहिब इलाहा
बाद के वसूल पाया । बस यही वसूल्यावी काफी व वाफी है। अगर जायदाद मुबिया
बवजह नुक्स मिलकियत हम मुकिरान के कब्जा खरीदार से निकल जावेतो खरीदार को
हक होगा कि वह अपना जरसमन बैनामा व खसारा हम मुकिरान के जात व दूसरी
जायदाद से वसूल कर लेवे इसमें हम मुकिरान के न कोई उज है और न आयन्दा होगा।
लिहाजा यह चन्द कलमा बतौर बयनामा लिखदिया कि सनद रहे और समय पर काम
आवे । तफसील जायदाद मुबिया जो बेची गई कुल हिस्सा आराजी नं० ७१ एकहत्तर
चक मुन्डेरा परगना व तहसील चायल जिला इलाहाबाद तादादी १ एक बीघा जिसकी
चौहद्दी निम्नलिखित है उत्तर खेत हनुमान व छोटे लाल व मजहर। दक्खिन- खेत बैजनाथ
व बिन्देसरी प्रसाद लोहार । पूरब- खेत मजहर मियाँ। पच्छिम खेत व मकान खरीदार
नोट- पन्ना एक के सतर आखीर में (जुज) कटा है (कुल) सतरके ऊपर टाइप है ।द०
महाबीर प्रसाद द० राजाराम नि०० बिन्देसरी टाइप कर्ता गणेश प्रसाद मसविदा
कर्ता Sd. Kanhayalal Missra Advocate 27-4-67 ता० २७ सत्ताइस अप्रैल सन् १९६७ई०
द० महाबीर प्रसाद बकलम: राजाराम द० नी० व० बीन्देसरी ग०श्रीरामसजना बाग
इलाहाबाद ग० दसरथ गुड़मन्डी द० महाबीर प्रसाद द० राजाराम नी०व० बीन्देसरी
द० महावीर प्रसाद द० राजाराम द० नी०व० बीन्देसरी M ६०) ता० २७ माह अप्रैल
सन् १९६७ ई० को श्रीप्रेमचन्द्र वास्ते चुन्नी लाल निवासी चाहचन्द जिला इलाहाबाद
के हाथ दस्तावेजी टाम्प बेचा द० गोकल प्रसादलैसन्सदार दीवानी कचहरी इलाहाबा
नं० ८४४- ५)ता० २७ माह अप्रैल सन् १९६७ को श्री प्रेमचन्द वास्ते चुन्नीलाल निवासी
चाहचन्द जिला इलाहाबाद के हाथ दस्तावेजी ह स्टाम्प बेचा द० गोकल प्रसाद लैसन्स
दार दीवानी कचेहरीइलाहाबादनं०८४५ बैनामा १०००।- फीस २१।- उजरत१।५०
कुल २२।५० शब्द ६००श्री महावीर प्रसादपुत्र श्री माताबदल पेशा कृषि निवासी
मौजा चक मुन्डेरा परगना चायल जिला इलाहाबाद ने कार्यालय स०र० इलाहाबाद

3/4n

के पेश की । द० B Mukherji 27-4-67 — सब रजिस्ट्रार इलाहाबाद महावीर प्रसाद इस दस्तावेज के मजमून को सुनने व समझने के बाद इस दस्तावेज की तकमील व इसमे दिए हुए विवरणानुसार वसूलयाबी अ० एकहजार रु०१०००। - रु० से जिसमें से अ० कुल रु० मेरे सामने ग्रहण करके उक्तश्री महावीर पसादव श्री राजाराम पुत्र श्रीरामजियावन व श्री बिन्देश्वरी पुत्र श्री महादेव पेशा कृषि निवासी उक्त गाम चक मुन्डेरा ने स्वीकार किया। उपरोक्त तकमील करने वाले की पहिचान श्री श्रीराम पुत्र श्री हजारीलाल पेशा नौकरी निवासी शहरारा बाग शहर इलाहाबाद व श्री दशरथ पुत्र श्री खदेरु पेशा नौकरी निवासी गुड़की मन्डी शहर इलाहाबाद ने की। द० B Mukherji 27-4-67 — सबरजिस्ट्रार इलाहाबाद महावीर प्रसाद राजाराम नि० बिन्देश्वरी श्रीराम दसरथ पहिचान के गवाहों के अंगूठे के निशान जो देखने में भले आदमी मालूम होते हैं नियमानुसार लिया गया है ।

द० B Mukherji 27-4-67 — सबरजिस्ट्रार बही नं०१ जि० १३७७ के पन्ना ८० से ८२ में नं०५५६३ पर आज बता० २ जून सन् १९६७ ई० रजिस्ट्री की गई। द० B Mukherji S.R.

नकल कर्ता :- [signature]

मिलान कर्ता :- [signature]

सत्य प्रतिलिपि

[signature] 16/7/07

स० र

३५८
०१-३-७२
ग-नि-[illegible]